JEEViKA
An Initiative of Government of Bihar for Poverty Alleviation
Bihar Rural Livelihoods Promotion Society
State Rural Livelihoods Mission, Bihar
बिहार सरकार

1st Floor, Vidyut Bhawan - II, Bailey Road, Patna- 800 021; Ph.:+91-612-250 4980; Fax:+91-612-250 4960, Website:www.brlp.in

# कार्यालय आदेश

## राष्ट्रीय पोषण माह – सितम्बर, 2022

ग्रामीण विकास विभाग, ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार के पत्रांक – J-11060/67/2015-RL-Part (2), दिनांक – 30.08.2022 के माध्यम से राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन, बिहार को सितम्बर माह को **"राष्ट्रीय पोषण माह"** के रूप में मनाने के लिए निदेशित किया गया है I इस अभियान के तहत बच्चों, किशोर-किशोरियों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के पोषण सम्बन्धी जरूरतों के प्रति संवेदनशील एवं जागरूक बनाया जाना है I राष्टीय पोषण माह का उद्देश्य कुपोषण मुक्त समाज बनाना है I इस अभियान के दौरान खासकर जन्म से 23 माह के बच्चों और महिलाओं में आहार विविधता को अपनाने हेतु सामुदायिक संगठनों के माध्यम से समुदाय को संगठित कर उनकी भागीदारी को बढ़ाना है I राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान पोषण के महत्व और भूमिका की चर्चा लक्षित वर्ग के बीच की जाती है I उन्हें इस बात के प्रति भी जागरूक किया जाता है कि आहार विविधता हमारे विकास के लिए बहुत महत्वपूर्ण है I

बिहार के सन्दर्भ में यह आवश्यक है कि यहाँ 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चे अधिक संख्या में कुपोषित है और लगभग 63.5 % महिलायें अनीमिया से ग्रसित है I वर्तमान समय में कोविड-19 महामारी के कारण भी लोगों का पोषण स्तर प्रभावित हुआ है, एवं इससे बचाव का एक मात्र उपाय टीकाकरण है I इस महामारी से लोगों का जीविकोपार्जन एवं आर्थिक स्थिति दोनों ही बुरी तरह से प्रभावित हुआ है I इसी को ध्यान में रखते हुए **सितम्बर-2022 को पोषण-सह-आहार विविधता और कोविड-19 के Precaution खुराक माह** के रूप में मनाने तथा सभी जीविका दीदियों, कैडरों और कर्मियों को सम्मिलित करते हुए सम्बंधित गतिविधियाँ सम्पादित किये जाने की आवश्यकता है I

**लक्षित वर्ग :-**

- गर्भवती महिला और धात्री माता (0 से 6 माह के बच्चों वाली माता)
- धात्री माता (7 से 23 माह के बच्चों वाली माता)

**राष्ट्रीय पोषण माह के दौरान की जाने वाली गतिविधियाँ :-**

| अवधि | गतिविधियाँ | स्तर | जिम्मेवारी |
|---|---|---|---|
| **1. उन्मुखीकरण-सह- कार्य-योजना निर्माण** | | | |
| 1-10 सितम्बर-2022 | • वर्चुअल बैठक के माध्यम से जिला के सम्बंधित कर्मियों का उन्मुखीकरण किया जायेगा<br>• जिला स्तर पर एक दिवसीय गैर-आवासीय उन्मुखीकरण-सह-कार्य-योजना निर्माण कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक भाग लेंगे<br>• इस कार्यशाला में पोषण माह के दौरान आयोजित होने वाली गतिविधियों का बेहतर क्रियान्वयन और रणनीति तैयार की जायेगी | राज्य और जिला | SPM-H&N, DPM और Manager -H&N |
| | • प्रखंड स्तर पर भी एक दिवसीय गैर-आवासीय उन्मुखीकरण-सह-कार्य- | प्रखंड और | BPM, AC |

| | | | |
|---|---|---|---|
| | योजना निर्माण कार्यशाला आयोजित होगी, जिसमें प्रखंड के सभी कर्मी, संकुल संघ के पदधारी और एम.आर.पी-HNS भाग लेंगे<br>• इसी तरह क्षेत्रीय समन्वयक एवं एम.आर.पी-HNS अपने-अपने संकुल के सभी सामुदायिक उत्प्रेरक और CNRP का एक दिवसीय गैर-आवासीय उन्मुखीकरण संकुल एवं पंचायत पर करेंगे | संकुल | और एम.आर.पी-HNS |
| **2. समुदाय संचालित गतिविधियाँ** | | | |
| 9-15 सितम्बर-2022 | • **<u>समूह बैठक और लाभार्थी सूची अद्यतन –</u>** समूह के बैठक में सामुदायिक उत्प्रेरक द्वारा पोषण माह और आहार विविधता के महत्त्व की चर्चा की जायेगी I हाल में संपन्न पारिवारिक आहार विविधता अभियान के दौरान तैयार लाभार्थी सूची को समूह के बैठक में सामुदायिक उत्प्रेरक द्वारा अद्यतन किया जायेगा | स्वयं सहायता समूह | सामुदायिक उत्प्रेरक |
| 16-30 सितम्बर-2022 | • **<u>गृह-भ्रमण –</u>** सामुदायिक उत्प्रेरक लक्षित लाभार्थियों (गर्भवती महिला, 0-6 माह के बच्चों की माता और 7-23 माह के बच्चों की माता) का गृह-भ्रमण करेंगी I उनसे खाद्य समूह के बारे में जानकारी प्राप्त करेगी और विस्तार से बतायेगी साथ ही साथ बड़ों के लिए कम-से-कम 10 में से 5 खाद्य समूह तथा बच्चों के लिए 7 में से 4 खाद्य समूह से भोजन खाने के लिए प्रेरित करेगी | स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन और संकुल संघ | सामुदायिक उत्प्रेरक (CM), CNRP, AC & CC |
| 16-30 सितम्बर-2022 | • **<u>स्टीकर चस्पा करना –</u>** गर्भवती महिला एवं 0 से 6 माह के बच्चों की माता यदि 10 में से 5 खाद्य समूह बताने के साथ पिछले 24 घंटे में 5 खाद्य समूह से भोजन की है तो उनके दरवाजे पर हरा रंग अन्यथा लाल रंग का स्टीकर चस्पा किया जायेगा I 7 से 23 माह के बच्चों की माता यदि 7 में से 4 खाद्य समूह बताने के साथ पिछले 24 घंटे में अपने बच्चों को 4 खाद्य समूह से खाना खिलाया हो तो उनके दरवाजे पर हरा रंग अन्यथा लाल रंग चस्पा किया जायेगा I<br><u>नोट –</u> दोनों तरह के रंग वाले स्टीकर राज्य कार्यालय से सामुदायिक उत्प्रेरक की संख्या के अनुसार जिलों को उपलब्ध करायी जायेगी | स्वयं सहायता समूह, ग्राम संगठन और संकुल संघ | सामुदायिक उत्प्रेरक (CM), AC & CC |
| **3. पारिवारिक आहार विविधता अभियान अंतर्गत पुरस्कार-सह-सम्मान समारोह का आयोजन** | | | |
| 1 – 30 सितम्बर-2022 | • पारिवारिक आहार विविधता अभियान अंतर्गत पुरस्कार-सह-सम्मान समारोह का आयोजन जिन जिलें एवं प्रखंडो में अगस्त, 2022 तक नहीं किया गया है तो वैसे जिलें तथा प्रखंड उक्त कार्यक्रम का आयोजन पोषण माह के दौरान कर सकेंगे I | जिला एवं प्रखंड | DPCU एवं BPIU कर्मी |
| **4. अभिसरण गतिविधियों में सहयोग** | | | |
| 1 – 30 सितम्बर-2022 | • जिला प्रशासन तथा अन्य सम्ब धित विभागों द्वारा इस अभियान हेतु आयोजित होने वाली गतिविधियों में सक्रीय रूप से भाग लेकर पोषण के प्रति समुदाय में जागरूकता लाना | जिला, प्रखंड एवं पंचायत | DPCU, BPIU कर्मी एवं CBOs |
| **5. जन-आन्दोलन डैशबोर्ड पर रिपोर्टिंग** | | | |
| 1 – 30 सितम्बर- | • गतिविधियों के सफल आयोजन के बाद प्रतिवेदन और फोटोग्राफ को जन- | पंचायत, प्रखंड एवं | MRP-HNS, CC/ |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 2022 | आन्दोलन डैशबोर्ड पर दिए गए लिंक **http : // poshanabhiyaan.gov.in** पर अपलोड किया जाय I इसके लिए सभी जिला और प्रखंड का **User ID** और **Password** राज्य मुख्यालय से Email के माध्यम से भेजा गया है \| जिला स्तर की गतिविधियों का प्रतिवेदन जिला के User ID से तथा प्रखंड/ पंचायत/ गाँव की गतिविधियों का प्रतिवेदन प्रखंड के User ID से किया जायेगा I<br><br>नोट – User id और Password सभी सम्बंधित को यथाशीघ्र उपलब्ध कराई जायेगी | जिला | AC, BPM और Mgr-HN |

**वित्तीय प्रावधान :-**

जिला, प्रखंड एवं संकुल / पंचायत स्तर पर आयोजित होने वाली उन्मुखीकरण-सह-कार्ययोजना निर्माण कार्यशाला पर होने वाला व्यय जीविका के एक दिवसीय गैर-आवासीय प्रशिक्षण के वर्तमान दर से किया जायेगा I **BTDP जिलों में Component 3 HNS BCC, NRLM एवं NRETP जिलें में IBCB के गैर-आवासीय प्रशिक्षण मद** से किया जायेगा I

**नोट – BTDP मूल्यांकन प्रखंडों को छोड़कर उक्त गतिविधियाँ सभी प्रखंडों में यथावत लागू होगी I**

अपेक्षा की जाती है कि पोषण माह के महत्त्व को ध्यान में रखते हुए और इसके सफल क्रियान्वयन हेतु सम्बंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित करते हुये जीविका संपोषित सामुदायिक संस्थानों के माध्यम से वर्णित गतिविधियों का सफलतापूर्वक आयोजन किया जायेगा I

विश्वासभाजन

Signed by Rahul Kumar
Date: 11-09-2022 13:35:16
Reason: Approved

**(राहुल कुमार)**

**मुख्य कार्यपालक पदाधिकारी, जीविका**

ज्ञापांक - दिनांक –

प्रतिलिपि : सभी प्रखंड परियोजना प्रबंधक, प्रबंधक –स्वास्थ्य एवं पोषण एवं वित्त को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित I

प्रतिलिपि : सभी जिला परियोजना प्रबंधक को सूचनार्थ एवं कार्यार्थ प्रेषित I

प्रतिलिपि : सभी राज्य स्तरीय पदाधिकारियों, जीविका को सूचनार्थ प्रेषित I